आसमान से फूलों की बरसात हो गई

आसमान से फूलों की बरसात हो गई,
गौरा तेरी शादी शंकर से हो गई,

गंगा कहे मैं बड़ी, यमुना कहे मैं बड़ी,
काहे की बड़ी मेरी जटा में पड़ी,
मेरी मैया जी शादी भोले से हो गई,
मेरी मैया जी शादी शंकर से हो गई,

चंदा कहे मैं बड़ा, सूरज कहे मैं बड़ा,
काहे के बड़े, मेरे माथे पे सजे,
मेरी मैया जी शादी भोले से हो गई,
गौरा तेरी शादी शंकर से हो गई,

डमरूँ कहे मैं बड़ा, त्रिशूल कहे मैं बड़ा,
काहे के बड़े मेरे हाथों में पड़े,
मेरी मैया जी शादी भोले से हो गई,
गौरा तेरी शादी शंकर से हो गई,

बाघंबर कहे मैं बड़ा, भभूति कहे मैं बड़ी,
काहे के बड़े, मेरे अंगों में पड़े,
मेरी मैया जी शादी भोले से हो गई,
गौरा तेरी शादी शंकर से हो गई,

नाग कहे मैं बड़ा, नागिन कहें मैं बड़ी,
काहे के बड़े, मेरे गले में पड़े,
मेरी मैया जी शादी भोले से हो गई,
गौरा तेरी शादी शंकर से हो गई,

संत कहे मैं बड़ा, भक्त कहे मैं बड़ा,
काहे के बड़े,मेरे द्वारे पे खड़े,
मेरी मैया जी शादी भोले से हो गई,
गौरा तेरी शादी शंकर से हो गई,

आसमान से फूलों की बरसात हो गई,
गौरा तेरी शादी शंकर से हो गई,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22569/title/asman-se-phulo-ki-barsat-ho-gai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |